भारत सरकार
इस्पात मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 2880
18 मार्च, 2020 को उत्तर के लिए

देश में मौजूदा इस्पात आधारित उद्योग

2880. डा. एल. हनुमंतय्याः

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देश में कर्नाटक सहित कुल मौजूदा इस्पात आधारित उद्योगों की राज्य-वार संख्या कितनी है;
(ख) गत तीन वर्षों के दौरान कच्चे इस्पात और इस्पात उत्पादों का कितनी मात्रा में निर्यात और आयात हुआ है;
(ग) क्या कोयले और लौह अयस्क का स्वदेशी उत्पादन इस्पात क्षेत्र की मांगों को पूरा करने के लिए पर्याप्त है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(घ) कुल मांग की तुलना में कितनी मात्रा में कोयले और लोहे के अयस्क की आपूर्ति की गई?

उत्तर

इस्पात मंत्री **(श्री धर्मेंद्र प्रधान)**

(क): वर्ष 2018-19 में देश में इस्पात आधारित उद्योगों की कुल संख्या 1217 थी। वर्तमान इस्पात उद्योगों का राज्य-वार ब्यौरा **अनुलग्नक-I** में है।

(ख): गत तीन वर्षों के दौरान कच्चे इस्पात तथा इस्पात उत्पादों के आयात व निर्यात का विवरण निम्नवत है:

वर्ष	**कच्चा इस्पात तथा इस्पात उत्पाद (मिलियन टन में)**		
	आयात	**निर्यात**	
2016-17	15.31	17.59	चैप्टर 72 और 73
2017-18	15.73	19.69	
2018-19	17.97	15.90	
स्रोत: वाणिज्य विभाग			

(ग): देश में लौह अयस्क का उत्पादन स्वदेशी इस्पात उद्योग की वर्तमान माँग/खपत की पूर्ति करने के लिए पर्याप्त है। बहरहाल, कोकिंग कोल की समस्त माँग की पूर्ति स्वदेशी उत्पादन से नहीं हो पाती क्योंकि देश में कोकिंग कोल की आपूर्ति सीमित है और इस प्रकार कोकिंग कोल का आयात करने के अलावा कोई विकल्प नहीं रह जाता।

(घ): गत वर्ष अर्थात् 2018-19 के दौरान लौह अयस्क की आपूर्ति 207.7 एमटी थी जबकि इसकी माँग 189 एमटी थी। वर्ष 2018-19 के दौरान इस्पात उद्योग के लिए कोकिंग कोल की कुल माँग 58.37 एमटी थी। इसमें से 51.83 एमटी (पीसीआई तथा एन्थ्रासाइट कोल को छोड़कर) की पूर्ति आयात से की गई थी तथा 1.6 एमटी भारत कोकिंग कोल लिमिटेड (बीसीसीएल) व कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) द्वारा उत्पादित की गई थी और शेष मात्रा की व्यवस्था स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) एवं टाटा स्टील द्वारा की गई थी।

****

अनुलग्नक-I

दिनांक 18.3.2020 को उत्तरार्थ राज्य सभा अतारांकित प्रश्न सं. 2880 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित विवरण

वर्ष 2018-19 के दौरान देश में प्रचालनरत इस्पात संयंत्रों (केवल इस्पात क्षेत्र के इस्पात-आधारित उद्योग) का राज्य-वार ब्यौरा

राज्य	इकाई
आंध्र प्रदेश	28
अरुणाचल प्रदेश	3
असम	4
बिहार	21
चंडीगढ़	3
छत्तीसगढ़	108
दादर व नगर हवेली	5
दिल्ली	2
गोवा	9
गुजरात	112
हरियाणा	17
हिमाचल प्रदेश	18
जम्मू और कश्मीर	17
झारखंड	46
कर्नाटक	19
केरल	30
मध्य प्रदेश	33
महाराष्ट्र	105
मेघालय	5
ओडिशा	44
पुदुचेरी	9
पंजाब	232
राजस्थान	64
तमिलनाडु	82
तेलंगाना	54
त्रिपुरा	1
उत्तर प्रदेश	80
उत्तराखंड	8
पश्चिम बंगाल	58
कुल	**1217**

स्रोत: संयुक्त संयंत्र समिति (जेपीसी)

****